PRINT

# नवभारत टाइम्स (Navbharat Times)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 354734 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 5 . 7 .2026 | पृष्ठ सं. (Page No.) 1, 4 | क्रम सं. (Serial No.) 12 |

## अब महिला कोच पर खास नज़र



दिल्ली मेट्रो में CISF ने पहली बार अपनी महिला कमांडो यूनिट को तैनात किया है। पहले चरण में 66 कमांडो को लगाया गया है। ये मेट्रो की सुरक्षा के साथ सुनिश्चित करेंगी कि मेट्रो के महिला कोच में कोई पुरुष यात्री ना हो। ▶▶ पेज 4

# अब महिला कमांडो भी करेंगी दिल्ली मेट्रो की हिफाज़त

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के लिए सीआईएसएफ ने पहली बार अपनी महिला कमांडो यूनिट को तैनात किया है। पहले चरण में 66 कमांडो को लगाया गया है। जो क्यूआरटी विंग का अहम हिस्सा होंगी। इन्हें कश्मीरी गेट, राजीव चौक, नई दिल्ली, चांदनी चौक, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट, सरोजनी नगर, दुर्गाबाई देशमुख साउथ कैंपस समेत एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो वाले कुछ स्टेशनों पर भी तैनात किया जाएगा। जहां यह स्टेशनों की सुरक्षा करने के साथ-साथ बीच-बीच में मेट्रो के अंदर खासतौर से मेट्रो के फीमेल कोच में भी चढ़कर यह सुनिश्चित करेंगी कि उस डिब्बे में कोई पुरुष यात्री न हो। अगर किसी पुरुष यात्री ने महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ या अन्य किसी तरह से बदतमीजी की तो यह उसे सबक भी सिखाएंगी। यहां यह स्पष्ट करना जरूरी होगा कि इनकी तैनाती केवल दिल्ली रीजन तक ही सीमित नहीं होगी, बल्कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में जहां तक भी मेट्रो जाती है। वहां तक इन महिला कमांडो की पहुंच होगी। सीआईएसएफ के डीजी प्रवीर रंजन के मार्गदर्शन और मेट्रो के डीआईजी आईपीएस संतोष चालके के अंडर में लगाई गई इन महिला कमांडो की ट्रेनिंग एकदम एनएसजी कमांडो के मानकों पर खरा उतरने जैसी कराई गई है। जो किसी भी तरह के आतंकवादी हमले या अन्य किसी भी इमरजेंसी का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम होंगी।



इनकी ड्यूटी उन मेट्रो स्टेशनों पर अधिक रहेगी, जहां-जहां महिला यात्रियों की आवाजाही अधिक रहती है

### आधुनिक हथियारों से लैस होंगी सभी कमांडो

इनका काम मेट्रो की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के साथ ही महिला यात्रियों की विभिन्न तरह से मदद करना भी रहेगा। ये आधुनिक हथियारों से लैस होंगी। साथ ही अगर किसी हमले जैसी आशंका की वजह से मेट्रो बीच में ही कहीं रुक या रोक दी जाती है तो भी यह मौके पर पहुंचकर उस मोर्चे का सामना करेंगी। इनके अलावा जरूरत के मुताबिक भविष्य में और भी महिला कमांडो को मेट्रो में तैनात किया जा सकता है।

### 22-22 कमांडो की तीन अलग-अलग QRT

दिल्ली मेट्रो में अभी तक सीआईएसएफ की महिला कर्मियों को लगाया तो गया है। लेकिन यह पहली बार है, जब कमांडो की फुल ट्रेनिंग लिए महिला कमांडो को लगाया गया है। इन 66 कमांडो की 22-22 कमांडो की तीन अलग-अलग क्यूआरटी बनाई गई हैं। जिनकी ड्यूटी उन स्टेशनों पर अधिक रहेगी। जहां-जहां महिला यात्रियों की आवाजाही अधिक रहती है। सीआईएसएफ का कहना है कि पिछले कुछ समय से मेट्रो में लगातार महिला यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मेट्रो के साथ-साथ महिलाओं की सुरक्षा को भी ध्यान में रखते हुए यह तैनाती की गई है।

**CISF ने पहले चरण में 66 महिला कमांडो को तैनात किया है**